जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक : डॉ. बी.एस. द्विवेदी
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक– 22
दिनांक–02.03.2026

कृषि महाविद्यालय जबलपुर बना ओवर ऑल चैम्पियन
जनेकृविवि में 24वीं अंतरमहाविद्यालयीन खेलकूंद प्रतियोगिता का भव्य समापन
उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हुए सम्मानित

जबलपुर 27 फरवरी, 2026। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के जवाहर क्रीड़ांगन में अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में 24वीं अंतरमहाविद्यालयीन खेलकूंद प्रतियोगिता वर्ष 2025–26 का भव्य समापन कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बारचे, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव, कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन, उप लेखानियंत्रक डॉ. अजय खरे, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, डॉ. जयंत भट्ट विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। समापन समारोह में मुख्यअतिथि की आसंदी से कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने में खेलकूद प्रतियोगिताओं का अमूल्य योगदान है। खेलकूद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के मानसिक और शारीरिक विकास एवं कौशल उन्नयन में कारगर सिद्ध होती हैं। खेलकूद प्रतियोगिताओं में शामिल छात्र–छात्राएं अपने हुनर और कौशल का प्रदर्शन कर निश्चित ही आगे बढ़ेंगे और भविष्य में देश के लिये मैडल जीतकर जनेकृविवि को गौरांवित करेंगें।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा ने आयोजित खेलकूंद प्रतियोगिताओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। प्रतियोगिता में पन्ना, छिंदवाड़ा, रहली, खुरई, बालाघाट, गंजबासौदा, पवारखेड़ा, टीकमगढ़, रीवा, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर एवं कृषि महाविद्यालय जबलपुर की खेलकूद की टीमें शामिल हुई है, इस प्रतियोगिता में इंडोर एवं आउट डोर खेलों में छात्र एवं छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मुख्यअतिथि कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा सहित अन्य अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र, मैडल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया, ओवरऑल चैम्पियन की ट्रॉफी सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले कृषि महाविद्यालय जबलपुर को एवं उपविजेता की ट्रॉफी कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर को प्रदान की गई। खेलकूंद प्रतियोगगिता में पुरूष चैम्पियनशिप में छात्र प्रीतम ठाकुर और महिला चैम्पियनशिप में छात्रा शैफाली तिवारी ने अपनी बेस्ट परफार्मेंस दी। कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये शुभकामनाएं प्रदान की।

गौरतलब है कि 24वीं अंतरमहाविद्यालयीन खेलकूंद प्रतियोगिता में बॉलीवॉल, खो–खो, महिला–पुरूष कबड्डी, बैडमिंटन, टेबिल टेनिस, दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताओं में 4 सौ से अधिक प्रतिभागी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वहीं समापन कार्यक्रम में कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने सभी टीम मैनेजरों को भी सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अमित झा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ. रश्मि पांडे, डॉ. आनंद विश्वकर्मा, डॉ. बी.के. दीक्षित, डॉ. ज्ञानेन्द्र तिवारी, डॉ. वाय.एम.शर्मा, डॉ. आशीष निगम, डॉ. धर्मेन्द्र नरवरिया, डॉ. सोमनाथ सर्वेद, डॉ. मनोज पाठक सहित विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, वैज्ञानिक, कर्मचारी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।